# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

### (News Clipping)

**27 जुलाई 2020**

# उन्नत भारत को जरूरी हैं 'स्मार्ट विलेज'

भास्कर समाचार सेवा

- **चार दिवसीय वेबिनार का हुआ समापन**
- **गांवों में अब तक हुए परिवर्तनों पर की चर्चा**




रुड़की। उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत रीजनल कोऑर्डिनेटिंग इंस्टीट्यूट आईआईटी रुड़की और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान गुवाहाटी द्वारा स्मार्ट विलेज के लिए योजना विषय पर आयोजित चार दिवसीय वेबिनार का का समापन हो गया।

उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के तहत रीजनल कोऑर्डिनेटिग इंस्टीट्यूट आईआईटी रुड़की व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान गुवाहाटी की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित चार दिवसीय वेबिनार का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान गुवाहाटी के प्रो. एमके श्रीवास्तव ने ग्रामीण विकास के तहत केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों की ओर से क्रियान्वित नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान गुवाहाटी के निदेशक प्रो. आरएम पंत ने पूर्वोत्तर भारत में ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों की ओर से किए गए महत्वपूर्ण विकास कार्यों के जरिये गांवों में हुए परिवर्तन के बारे में प्रतिभागियों को बताया। क्षेत्रीय समन्वय संस्थान आईआईटी रुड़की के समन्वयक प्रो. आशीष पांडेय ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड क्षेत्र के तहत आने वाले सभी कार्यक्रम समन्वयकों से संबंधित गोद लिए गए गांवों में मॉडलध्स्मार्ट विलेज की योजनाओं पर क्रियान्वयन की अपेक्षा की।